# केयान डिस्टिलरी का ट्रॉयल सफल अब शुरू होगा व्यावसायिक उत्पादन

## अप्रैल के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री योगी कर सकते हैं प्लांट का उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो



गीडा स्थित केयान डिस्टिलरी। स्रोत- सोशल मीडिया

**गोरखपुर।** गीडा में 1200 करोड़ निवेश करने वाली केयान डिस्टिलरी का निर्माण पूरा होने के साथ ही ट्रॉयल भी सफल हो गया है। यहां चावल और मक्के से हर दिन 3.5 लाख लीटर एथेनॉल के अलावा देसी, अंग्रेजी शराब व बीयर का भी उत्पादन होगा। इसके अलावा 15 मेगावॉट बिजली बनेगी, जिसे पॉवर ग्रिड को बेचा जाएगा।

इस फैक्टरी का उद्घाटन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री के हाथों कराने की तैयारी है। इसके शुरू होने से ढाई हजार प्रत्यक्ष और लगभग इतना ही अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा।

**बदल रहा है गोरखपुर**

चावल और मक्का आधारित इथेनॉल प्लांट लगाने वाले बलिया जिला निवासी विनय कुमार सिंह ने बताया कि फैक्टरी का निर्माण 24 महीने में कराना था, लेकिन दिन-रात काम कराकर इसे 12 महीने में ही पूरा कर दिया गया। करीब 34 एकड़ में स्थित इस प्लांट में प्रत्येक दिन 3.50 लाख लीटर एथेनॉल का उत्पादन होगा। साथ ही डिस्टलरी प्लांट में देसी और अंग्रेजी शराब के अलावा बीयर की पैकिंग होगी। इस प्लांट का इंडियन ऑयल के साथ भी अनुबंध (एमओयू) हो चुका है। फैक्टरी चालू होने पर करीब ढाई हजार लोगों को प्रत्यक्ष और ढाई हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

**दोनों यूनिट एक साथ होंगे चालू :** एमडी ने बताया कि ग्रेन बेस्ड इथेनॉल प्लांट पर करीब 750 करोड़ रुपये और डिस्टिलरी प्लांट पर करीब 450 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

डिस्टिलरी प्लांट में 15 मेगावाट बिजली का भी उत्पादन होगा। प्लांट में खर्च होने के बाद अतिरिक्त बिजली पॉवर ग्रिड में भेजा जाएगा। इसके लिए 132 केवीए की लाइन बिछाने का काम भी चल रहा है।



इस प्लांट में एथेनॉल बनाने के लिए मुख्य रूप से चावल, जौ और मक्का का इस्तेमाल होगा। चावल और मक्का आसपास के जिलों के अलावा बिहार और बंगाल से मंगाया जाएगा। इसके लिए भी बड़ी एजेंसियों से करार किया जा रहा है। फैक्टरी का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दोनों यूनिट का ट्रायल भी करा लिया गया है। अब जल्द ही व्यावसायिक उत्पादन शुरू होगा।

**- विनय कुमार सिंह,** एमडी, केयान डिस्टिलरी प्रा. लिमिटेड

फैक्टरी के एमडी ने ट्रायल सफल रहने और जल्द ही व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने की सूचना दी है। इन लोगों ने अप्रैल में विधिवत उद्घाटन की बात कही है। जल्द ही इस कंपनी का निरीक्षण कर तैयारियों को देखा जाएगा। अप्रैल के आसपास उद्घाटन की तारीख रखी जाएगी।

**- अनुज मलिक,** सीईओ गीडा